कोड-002
कक्षा- ग्यारहवीं
समय - 3.00 घंटे

CGBOARDonline.com

विषय - लेखाशास्त्र
पूर्णांक - 90

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।
प्रश्न क्र. 1 से9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है । प्रश्न क्र. 10 से 14 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है । प्रश्न क्र. 15 से 19 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है । प्रश्न क्र. 20 से 24 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है । प्रश्न क्र. 25 एवं 26 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 8 अंक निर्धारित है।

---

प्रश्न 1. लेखांकन को परिभाषित कीजिए ।
प्रश्न 2. आधारभूत लेखांकन समीकरण क्या है ?
प्रश्न 3. नाम व जमा के नियम को लिखिये ।
प्रश्न 4. सीधी रेखा पद्धति किसे कहते हैं ?
प्रश्न 5. गुप्त संचय की संकल्पना को समझाइये ।
प्रश्न 6. वित्तिय विवरण किसे कहते हैं ?
प्रश्न 7. उपार्जित एवं अनुपार्जित आय को समझाइये ।
प्रश्न 8. अवस्था विवरण क्यों बनाया जाता है ?
प्रश्न 9. लेंखाकन प्रतिवेदन किसे कहते हैं ?
प्रश्न 10. तलपट से अशुद्धि ढूंढने के लिए लेखाकार क्या कदम उठाता है ?
प्रश्न 11. बैंक समाधान विवरण क्यों बनाया जाता है ?
प्रश्न 12. व्यापार एवं लाभ-हानि खाता तैयार करने के क्या उद्देश्य है ?
प्रश्न 13. अंतिम खाते बनाते समय समायोजन प्रविष्टि को अभिलेखन करना क्यों आवश्यक है ?
प्रश्न 14. लेखांकन सॉफ्टवेयर के विभिन्न प्रकारों को समझाइये ।
प्रश्न 15. सम्पत्ति से आप क्या समझते हैं ? इसके प्रकारों को समझाइये ।

अथवा

आगम एवं व्यय को आप कैसे परिभाषित करेंगे ।

प्रश्न 16. लेंखाकन समीकरण बनाइये ।

| | |
|---|---|
| (1) हर्ष ने रोकड़ का निवेश कर व्यवसाय प्रारंभ किया | 200000 |
| (2) नमन से रोकड़ देकर माल खरीदा | 40000 |
| (3) 10000 रु. मूल्य की वस्तुएं भानु को बेची | 12000 |
| (4) उधार फर्नीचर खरीदा | 7000 |

अथवा

लेखांकन समीकरण बनाइये ।

(1) कुणाल ने 250000 रु. नकद निवेश कर व्यापार प्रारंभ किया ।

| | |
|---|---|
| (2) नकद फर्नीचर खरीदा | 35000 |
| (3) नकद कमीशन का भुगतान किया | 2000 |
| (4) उधार माल खरीदा | 40000 |
| (5) 20000 रु. मूल्य की वस्तुएं नकद बेची | 26000 |

प्रश्न 17. वर्ष 2015 के दिसंबर माह के लेन-देन को द्विस्तंभीय रोकड़ बही में दर्शाये ।

| | |
|---|---|
| 01 रोकड़ से व्यवसाय आरंभ किया | 80000 |
| 04 बैंक में नकद जमा कराया | 50000 |
| 10 राहूल से नकद प्राप्त किया | 1000 |
| 15 नकद माल खरीदा | 8000 |
| 22 चेक देकर माल खरीदा | 10000 |
| 25 श्याम को नकद भुगतान | 20000 |
| 30 कार्यालय उपयोग के लिए बैंक से राशि आहरित | 2000 |
| 31 चेक से किराये का भुगतान किया | 1000 |

अथवा

निम्न सूचना से सितम्बर 2015 का द्विस्तंभीय रोकड़ बही बनाइये ।

P.T.O


CGBOARDonline.com

| | | |
|---|---|---|
| 01 हस्तस्थ रोकड़ | CGBOARDonline.com | 7500 |
| 01 बैंक अधिकवर्ष | | 3500 |
| 03 मजदूरी का भुगतान किया | | 200 |
| 05 नकद विक्रय | | 7000 |
| 10 नकद बैंक में जमा करवाई | | 4000 |
| 15 माल खरीदा व चेक द्वारा भुगतान किया | | 2000 |
| 20 किराये का भुगतान किया | | 500 |
| 25 बैंक से व्यक्तिगत प्रयोग के लिए रोकड़ निकाली | | 400 |
| 30 वेतन दिया | | 1000 |

प्रश्न 18. निम्नलिखित अशुद्धियों को संशोधित कीजिये।

(1) मोहन को 7000 रु. की उधार बिक्री को नहीं लिखा गया।

(2) क्रय बही का योग 500 रु. अधिक लगया गया।

(3) 4000 रु. के किराया भुगतान को भू-स्वामी के व्यक्तिगत खाते में नाम किया गया।

(4) 10000 रु. के फर्नीचर क्रय को क्रय खाते में लिखा गया।

अथवा

निम्न शेष रमेश मेडिकल की पुस्तकों से लिये गये जिनसे आपको 31 दिसम्बर 2000 को तलपट बनाना है।
वेतन 3000 रु., भवन 40000 रु., पूंजी 64000 रु., देय विपत्र 11600 रु., देनदार 16000 रु., बीमा 550 रु., लेनदार 18100 रु., प्राप्त विपत्र 5000 रु., अप्राप्त ऋण संचिति 1000 रु., बैंक अधिविकर्ष 15000 रु., प्राप्त कमीशन 6000 रु., दान 300 रु., क्रय 1000 रु., विक्रय 22000 रु., क्रय वापसी 300 य., विक्रय वापसी 700 रु., हस्तस्थ रोकड़ 62450 रु.।

प्रश्न 19. निम्न सूचनाओं से आरंभिक पूंजी की गणना करें।

| | |
|---|---|
| वर्ष के अंत में पूंजी | 400000 |
| वर्ष के दौरान आरहण | 60000 |
| वर्ष के दौरान नई पूंजी लगायी | 100000 |
| चालू वर्ष का लाभ | 80000 |

अथवा

निम्न सूचनाओं से कुल क्रय की गणना करें।

| | |
|---|---|
| 01 अप्रैल 2015 को लेनदार | 30000 |
| 31 मार्च 2016 को लेनदार | 20000 |
| देय विपत्र का आरंभिक शेष | 25000 |
| देय विपत्र का अंतिम शेष | 151000 |
| विपत्र का भुगतान | 44500 |
| नकद क्रय | 129000 |
| क्रय वापसी | 6000 |

CGBOARDonline.com

प्रश्न 20. "साधारणत: लेखांकन संकल्पनाओं व लेखांकन मानकों को वित्तीय लेखांकन का सार कहा जाता है।" टिप्पणी कीजिए।

अथवा

लेखांकन की दोहरा लेखा प्रणाली से आप क्या समझते हैं? इनकी प्रमुख विशेषताओं को समझाइये।

प्रश्न 21. 31 मार्च 2001 को रोकड़ बही के अनुसार जमा शेष 8500 रु. था। निम्न व्यवहारों के आधार पर बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिये।

(1) 1000 रु. के चेक बैंक भेजे गये परन्तु संग्रहित नहीं हुए।

(2) 2000 रु. के चेक जारी किये गये परन्तु 1500 के चेक भुगतान हेतु उपस्थित हुए।

(3) 75 रु. ब्याज केवल पासबुक में डेबिट है।

(4) 300 रु. ग्राहक द्वारा सीधे बैंक में जमा किये गये।

(5) 500 रु. बीमा प्रीमियक का भुगतान बैंक द्वारा किया गया परन्तु रोकड़ बही में नहीं लिखा गया।

(6) 1200 रु. का एक चेक जमा कराया किन्तु अप्रतिष्ठित हो गया।

CGBOARDonline.com

अथवा

पासबुक का अधिविकर्ष 30 जून 2000 को 800 रु. था। बैंक समाधान विवरण पत्र बनाइये।

(1) 1500 रु. और 1800 रु. के चेक भेजे गये पर इनकी राशि का संग्रह 30 जून तक नहीं हो पाया।

(2) 500 रु. और 700 रु. के चेक निर्गमित किये गये पर भुगतान के लिये प्रस्तुत नहीं हुए।

(3) बैंक ने 500 रु. अधिविकर्ष पर ब्याज लगाया।

(4) 200 रु. बैंक में ग्राहक ने सीधे जमा किये जिनका लेखा रोकड़ बही में नहीं हुआ।

प्रश्न 22. एक कम्पनी ने 1 जनवरी 2011 को 40000 रु. की एक प्रिंटिंग मशीन खरीदी एवं 5000 रु. इसकी ढुलाइ एवं स्थापना पर व्यय किये 1 जुलाई 2013 को एक और मशीन 35000 रुपये में खरीदी। 10% वार्षिक की दर से स्थायी किस्त पद्धति के अनुसार ह्रास लगाया जाता है। 5 वर्षों का प्रिंटिंग मशीन खाता बनाइये।

CGBOARDonline.com

अथवा

लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट लि. ने 1 अक्टूबर 2011 को 800000 रु. में एक ट्रक खरीदा। इस ट्रक पर 15% वार्षिक से ह्रास मान शेष पद्धति से ह्रास लगाया गया। 31 दिसम्बर 2013 को इस ट्रक को 500000 रु. में बेच दिया गया। खाते प्रतिवर्ष 31 मार्च को बंद किये जाते हैं। चार वर्ष के लिए मशीन खाता बनाइये।

प्रश्न 23. निम्नलिखित सूचनाओं से 31 दिसम्बर 2015 तक व्यापार एवं लाभ हानि खाता तथा चिट्ठा तैयार कीजिये।

| खातों का नाम | राशि | खाते का नाम | राशि |
|---|---|---|---|
| मशीनरी | 27000 | पूंजी | 60000 |
| विविध देनदार | 21600 | देय विपत्र | 2800 |
| आहरण | 2700 | विविध लेनदार | 1400 |
| क्रय | 58500 | विक्रय | 73500 |
| मजदूरी | 15000 | | |
| विविध व्यय | 600 | | |
| किराया व कर | 1350 | | |
| आंतरिक ढुलाई | 450 | | |
| बैंक | 4500 | | |
| प्रारंभिक स्टॉक | 6000 | | |

अथवा

मे. आहूजा और नन्दा की पुस्तकों में नीचे दिये गये शेषों को लिखा गया है। राशि की गणना करें।

(अ) बेचने के लिए उपलब्ध माल की लागत (ब) एक साल में बेचे गये माल की लागत (स) सकल लाभ

| | |
|---|---|
| प्रारंभिक स्टॉक | 25000 रु. |
| उधार क्रय | 750000 रु |
| नकद क्रय | 300000 रु. |
| उधार विक्रय | 1200000 रु. |
| नकद विक्रय | 400000 रु. |
| मजदूरी | 100000 रु |
| वेतन | 140000 रु. |
| अंतिम स्टॉक | 30000 रु. |
| विक्रय वापसी | 50000 रु. |
| क्रय वापसी | 10000 रु. |

CGBOARDonline.com

प्रश्न 24. मानवीय व कम्प्यूटरीकृत लेखांकन के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली के लाभ एवं सीमायें को बताइये।

प्रश्न 25. दर्शन ने वरुण को 40000 रु. का माल बेच तथा दो माह की अवधि के लिए एक विपत्र लिखा। वरुण ने विपत्र पर अपनी स्वीकृति दी और दर्शन को विपत्र वापिस भेज दिया।

निम्न परिस्थितियों में लेखक की पुस्तकों में प्रविष्टियां कीहजिये।

(1) जब दर्शन द्वारा विपत्र परिपक्वता तिथि तक स्वयं के पास रखता है।

(2) जब दर्शन 6% प्रतिवर्ष की दर से विपत्र को बैंक से भुना लेता है।

(3) जब दर्शन विपत्र को तत्काल अपने लेनदार सुरेश को बेचान कर देता है।

(4) जब दर्शन परिपक्वता तिथि से तीन दिन पूर्व विपत्र को संग्रह हेतु बैंक भेजता है।

अथवा

2 मार्च 2015 को आशा ने 19000 रु. का माल निशा को उधार बेचा। 4000 रु. का तत्काल भुगतान किया और शेष राशि के लिए तीन माह की अवधि का एक विपत्र लिखा। आशा ने विपत्र को बैंक से भुनाया। परिपक्वता तिथि पर निशा का विपत्र अनादृत हुआ तथा बैंक ने निकराई के 30 रु. दिये। आशा की पुस्तकों में प्रविष्टियां कीजिये।

CGBOARDonline.com

प्रश्न 26. 31 दिसम्बर 2000 को निम्न विवरण से व्यापार एवं लाभ हानि खाता तथा चिट्ठा बनाइये।

CGBOARDonline.com

| विवरण | राशि | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| क्रय | 80000 | पूंजी | 210000 |
| बैंक शेष | 11000 | देय विपत्र | 6500 |
| मजदूरी | 34000 | विक्रय | 200000 |
| देनदार | 70300 | लेनदार | 50000 |
| हस्तस्थ रोकड़ | 1200 | क्रय वापसी | 4000 |
| कानूनी शुल्क | 4000 | | |
| भवन | 60000 | | |
| मशीनरी | 120000 | | |
| प्राप्य विपत्र | 7000 | | |
| कार्यालय व्यय | 3000 | | |
| प्रारंभिक स्टॉक | 45000 | | |
| गैस तथा ईंधन | 2700 | | |
| ढुलाई तथा भाड़ा | 3500 | | |
| कारखाना प्रकाश | 5000 | | |
| कार्यालय फर्नीचर | 5000 | | |
| पेटेंट अधिकार | 18800 | | |
| | 470500 | | 470500 |

समायोजन :- (1) मशीन पर 10% तथा भवन पर 6% ह्रास लगाये। (2) पूजी पर ब्याज की दर 4% है।
(3) बकाया मजदूरी 50 रुपये हैं। (4) अंतिम स्टॉक 50000 रु. है।

अथवा

केशव ब्रदर्स से प्राप्त शेषों से 31 मार्च 2015 को व्यापार एवं लाभ हानि खाता तथा चिट्ठा बनाइये।

CGBOARDonline.com

| विवरण | राशि | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| मशीनरी | 130000 | विक्रय | 300000 |
| देनदार | 50000 | क्रय वापसी | 2500 |
| ब्याज | 2000 | लेनदार | 250000 |
| मजदूरी | 1200 | देय विपत्र | 70000 |
| वेतन | 2500 | संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान | 1550 |
| आंतरिक ढुलाई भाड़ा | 500 | पूंजी | 220000 |
| बाह्य ढुपाई भाड़ा | 700 | प्राप्त किराया | 10380 |
| विक्रय वापसी | 2000 | प्राप्त कमीशन | 16000 |
| कारखाने का किराया | 1450 | | |
| कार्यालय का किराया | 2300 | | |
| बीमा | 780 | | |
| फर्नीचर | 22500 | | |
| भवन | 280000 | | |
| प्राप्य विपत्र | 3000 | | |
| हस्तस्थ रोकड़ | 22500 | | |
| बैंक में रोकड़ | 35000 | | |
| कमीशन | 500 | | |
| प्रारंभिक स्टॉक | 60000 | | |
| क्रय | 250000 | | |
| डूबत ऋण | 3500 | | |
| | 870430 | | 870430 |

समायोजन :- (1) संदिग्ध ऋणों के लिणे 5% की दर से प्रावधान व अन्य डूबत ऋण 2000 रु.।
(2) अग्रिम प्राप्त किराया 6000 रु.। (3) पूर्वदत्त बीमा 200 रु.।
(4) फर्नीचर पर 5%, मशीन पर 6% भवर पर 7% ह्रास लगाये।

---00---

CGBOARDonline.com